an>

Title: Need to take steps to set up a University in Bulandshahar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर) : महोदया, आपने मुझे अपने क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाने का मौका दिया है। मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि मेरा लोक सभा क्षेत्र बुलंदशहर दिल्ली से मात्र 75 किलोमीटर दूर स्थित है और दिल्ली एन.सी.आर का हिस्सा भी है, लेकिन जितना नजदीक बुलंदशहर दिल्ली से है, उतना ही बुलंदशहर शिक्षा और विकास में पिछड़ा हुआ है। बुलंदशहर में हजारों छात्र आज भी अच्छे विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में एडमीशन पाने से वंचित रह जाते हैं। उनको शिक्षा नहीं मिल पाती है, वे अशिक्षित रह जाते हैं।

मेरा अनुरोध है कि केन्द्र सरकार द्वारा जो विश्वविद्यालयों की स्थापना की जा रही है, उसमें बुलंदशहर के लिए भी एक विश्वविद्यालय की स्थापना करने की अनुमति दें, इससे आसपास के लगे हुए जिलों को भी लाभ मिलेगा। इससे दिल्ली और एन.सी.आर में जो विश्वविद्यालय हैं, मेरठ में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय है, उस पर लोड भी कम होगा।